an>

Title: Need to undertake repair of bridge on river Ganga in Balia parliamentary constituency.

श्री भरत सिंह (बलिया) ः मैं अपने संसदीय निर्वाचन क्षेत्र बलिया (उ.प्र.) में राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 31 पर अवस्थित भरौली से बक्सर (बिहार) को जोड़ने वाले गंगा नदी के उपरिगामी सेतु की जर्जर स्थिति के अविलंबनीय लोक महत्व के मामले पर ध्यान आकृष्ट करना चाहता हूँ।

गंगा नदी का यह उपरिगामी सेतु हमारे संसदीय क्षेत्र बलिया की आर्थिक गतिविधियों का बहुत बड़ा माध्यम है। बिहार के कोइलवर नामक स्थान से सोन नदी की रेती (मोरन) धनबाद एवं झरिया से कोयला एवं बंगाल से तमाम प्रकार की वस्तुओं के आयात का यह एक मात्र माध्यम है। विगत लगभग 6 महीने से अत्यंत जर्जर हो जाने की वजह से इस पुल पर भारी वाहनों का आवागमन बंद कर दिया गया है। जिससे तमाम आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति बाधित हो गई है।

बक्सर का रेलवे स्टेशन देश के सभी बड़े महानगरों से जुड़ा होने के कारण हमारे क्षेत्र के बलिया तथा गाजीपुर जिले के लोग जो प्रतिदिन हजारों की संख्या में अपनी रोजी-रोटी कमाने के लिए विभिन्न महानगरों की यात्रा करते हैं, वे सभी बक्सर रेलवे स्टेशन से ट्रेन पकड़ते हैं। पुल के क्षतिग्रस्त हो जाने के कारण घंटों जाम लगा रहता है और धीरे-धीरे एक-एक गाड़ी पास करती है। ऐसी स्थिति में लोगों की ट्रेन छूट जाती हैं और तमाम प्रकार की दिक्कतें हो रही है।

मैं माननीय सड़क, परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री जी से अनुरोध करता हूँ कि उपरोक्त जनहित के मामले को तत्काल संज्ञान में लेते हुए इस जर्जर पुल की मरम्मत कराकर भविष्य में किसी बड़ी दुर्घटना एवं जान-माल की संभावित क्षति को रोकने हेतु सार्थक कार्यवाही करें।